दैनिक भास्कर 09/01/2024

डॉ. कुलदीप यादव ग्रीन टेक्नोलॉजी इनोवेटिव अवॉर्ड-2023 से सम्मानित

भास्कर न्यूज |अम्बाला

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के डॉ. कुलदीप यादव को सीएसआईआर नेशनल बोटेनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, लखनऊ में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय पर्यावरण विज्ञान अकादमी द्वारा ग्रीन टेक्नोलॉजी इनोवेटिव अवॉर्ड-2023 से सम्मानित किया गया। डॉ. कुलदीप यादव गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं।

डॉ. कुलदीप ने आंतरिक ख्याति की पत्रिकाओं में 65 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और आठ पुस्तक अध्याय भी लिखे। इसके साथ ही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में भी पत्र प्रस्तुत किए हैं। प्रबंधन समिति के प्रधान डॉ. गुरदेव ने कहा कि भविष्य में सभी शिक्षकों को ऐसे प्रयास करते रहना चाहिए।

डॉ. कुलदीप यादव को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त।